हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 30 दिसंबर 2023

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

06 बीता तीन विधायकों का कार्यकालः सालों बाद...



07 सड़क किनारे लग रहा साप्ताहिक हाट...



**खबर संक्षेप में**

### अतिक्रमण हटाने को लेकर एक्शन मोड में नप

**नलखेडा।** सम्पूर्ण नगर अतिक्रमण की चपेट में आ जाने के बाद अब नगर परिषद एक्शन मोड पर दिखाई दे रही है। शुक्रवार को मुनादी करवाकर अतिक्रमणकर्ताओं को दो दिवस में अतिक्रमण स्वयं हटा लेने की मोहलत दी गई है उसके बाद प्रशासन अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करेगा। स्थानीय नगर परिषद के सीएमओ देवेंद्र वत्स ने बताया कि शुक्रवार में सार्वजनिक मुनादी करवाई गई है जिसमे बताया गया है कि नगर के गणपति चौराहा से लखुंदर नदी की पुलिया तक एवं शिवाजी चौराहे से अंबेडकर चौराहे तक रोड़ के दोनों ओर दुकानदारो, व्यवसायियों, हाथठेला चालको द्वारा दुकानों के आगे फुटपाथ पर सामग्री रखकर या टीनशेड का अतिक्रमण किया गया है। साथ ही उक्त मार्ग पर हाथठेला व्यवसायियों द्वारा भी सड़क किनारे ठेला लगाकर अतिक्रमण किया जा रहा है। सीएमओ श्री वत्स ने बताया कि मुनादी के माध्यम से अतिक्रमणकर्ताओं को दो दिवस में अपना अतिक्रमण हटा लेने की हिदायत दी गई है।

### पीएमश्री स्कूल के बच्चों ने किया भ्रमण

**आगर-मालवा।** पीएम शासकीय हाई स्कूल पालखेड़ी के विद्यार्थी खोजयात्रा के तहत महाकाल लोक की सनातनी संस्कृति से रूबरू हुए और त्रिवेणी संग्रहालय के भ्रमण के दौरान सदियों पुराने मूर्तियों और अवशेषों से भी रूबरू हुए, वही जंतर-मंतर की वैधशाला में जाने प्राचीनकाल गणना के गुरतारा मंडल के माध्यम से अंतरिक्ष को विस्मय और कोतुहल का जाना।

## 35 हजार रुपए से अधिक का चालान वसूला

# गुना हादसे के बाद जागा यातायात विभाग बसों की चैकिंग कर बनाए चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर मालवा

गुना में हुए बस हादसे के बाद जिले में यातायात विभाग हरकत में आया और यातायात विभाग द्वारा जिले में अभियान चलाकर यात्री बसों एवं अन्य वाहनों की फिटनेस, बीमा एवं अन्य दस्तावेजों एवं सुविधाओं की चैकिंग की जा रही है। शुक्रवार को जिले में प्रवेश करने वाली 32 से अधिक बसों में अग्निशमन यंत्र, प्राथमिक चिकित्सा के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई, वाहनों में कमियां पाये जाने पर 24 हजार 500 सीएफ राशि एवं मोटरयान कर 11 हजार 200 कुल 35 हजार 700 रुपये वसूले गए। गुरुवार को भी बसों के संचालकों से बसों के दस्तावेज मंगवाकर चेक किए यातायात पुलिस ने यहां यात्री बस `स्त्र13 स्त्र 0886 को चेक किया। जो बिना फिटनेस के पाई गई। यातायात विभाग ने पंचनामा तैयार कर एमवी एक्ट 1988 की धारा 56/192 के तहत 5000 रुपए जुर्माना किया गया। जब तक गाड़ी का फिटनेस तैयार नहीं हो जाता तब तक गाड़ी को नहीं चलाने की हिदायत दी गई है। 5 बसों के संचालकों पर स्टाफ द्वारा वर्दी नहीं पहनने पर चालान बनाए। यातायात विभाग का कहना है कि यह चैकिंग निरन्तर जारी रहेगी।





### सघन अभियान चलाकर यात्री व स्कूली बसों की फिटनेस चैक करें: सीईओ

जिले में सघन अभियान चलाकर यात्री एवं स्कूली बसों की फिटनेस एवं अन्य जांच की जाए, यह निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने शुक्रवार को परिवहन एवं यातायात विभाग के अधिकारियों की कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक लेकर दिए। सीईओ कौर ने कहा कि जिले में कोई बस बगैर परमिट व बीमा के संचालित नहीं हो, इसके लिए यातायात एवं परिवहन विभाग अभियान चलाकर बसों की जांच करते हुए नियम विरूद्ध संचालित वाहनों पर कार्यवाही करें। सभी बसों में अग्निशमन यंत्र, प्राथमिक चिकित्सा हेतु फर्स्ट एड बॉक्स, व्यवस्थित दरवाजे एवं खिड़कियां अनिवार्य हो। स्कूली बसों की भी चैकिंग कर फिटनेस एवं निर्धारित गति सीमा का पालन करवाएं। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी बर्खा गौड़, एसडीओपी मोतीलाल कुशवाह, यातायात प्रभारी जगदीश यादव व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सघन अभियान चलाकर यात्री व स्कूली बसों की फिटनेस चैक करें

**नलखेड़ा।** जिले में सघन अभियान चलाकर यात्री एवं स्कूली बसों की फिटनेस एवं अन्य जांच की जाए, यह निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने शुक्रवार को परिवहन एवं यातायात विभाग के अधिकारियों की कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक लेकर दिए। सीईओ कौर ने कहा कि जिले में कोई बस बगैर परमिट व बीमा के संचालित नहीं हो, इसके लिए यातायात एवं परिवहन विभाग अभियान चलाकर बसों की जांच करते हुए नियम विरूद्ध संचालित वाहनों पर कार्यवाही करें। सभी बसों में अग्निशमन यंत्र, प्राथमिक चिकित्सा हेतु फर्स्ट एड बॉक्स, व्यवस्थित दरवाजे एवं खिड़कियां अनिवार्य हो। स्कूली बसों की भी चैकिंग कर फिटनेस एवं निर्धारित गति सीमा का पालन करवाएं। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी बर्खा गौड़, एसडीओपी मोतीलाल कुशवाह, यातायात प्रभारी जगदीश यादव व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# नलखेड़ा थाने का पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

पुलिस महानिदेशक भोपाल सुधीर सक्सेना के द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक आगर विनोद कुमार सिंह के द्वारा बुधवार रात्रि में जिले के दो थाने नलखेड़ा एवं बड़ोद का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधीक्षक श्री सिंह द्वारा सर्वप्रथम थाना नलखेड़ा का निरीक्षण किया गया। यहां पर रात्रि ड्यूटी में उपस्थित अधिकारी मिले जिनसे पुलिस अधीक्षक के द्वारा चर्चा कर संपूर्ण थाना परिसर का भ्रमण किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाने में स्थित हवालात, शस्त्रागार, रिकॉर्ड रूम तथा थाने में पेयजल व स्वच्छता को भी देखा गया। तथा रात्रि में तैनात ड्यूटी अधिकारी से थाने का रिकॉर्ड, रोजनामचा, ड्यूटी, एफआईआर, शिकायत इत्यादि अभिलेखों का संधारण देखा गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अधिकारी को अभिलेखों का संधारण अद्यतन स्थिति में अपडेट रखने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधीक्षक श्री सिंह द्वारा नलखेड़ा थाने मैं लगने वाले रात्रि गश्त प्वाइंट को भी चेक कर गश्त में तैनात अधिकारी, कर्मचारीयो को मुस्तादी से गश्त करने केआवश्यक निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने नलखेड़ा थाना का आकस्मिक निरीक्षण कर रात्रि रोड पेट्रोलियम करते हुए थाना बड़ोद पहुंचे।

### आज से नगर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**नलखेड़ा।** नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नव वर्ष के उपलक्ष्य में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। जिसमें नगर के ही भागवत प्रवक्ता पंडित चतुर्भुज चतुर्वेदी उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगे। जानकारी देते हुए श्रीमद् भागवत कथा आयोजन समिति के सदस्यो ने बताया कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी नव वर्ष के उपलक्ष्य में 30 दिसंबर से 5 जनवरी तक पुलिस थाने के पीछे स्थित नीमा ग्राउंड पर दोपहर 1:00 से 4:00 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नगर के ही भागवत प्रवक्ता पंडित चतुर्भुज चतुर्वेदी उपस्थित श्रोताओं को कथा का रसपान कराएंगे। शनिवार को कथा प्रारंभ होने से पूर्व एक विशाल कलश यात्रा गाजे - बाजे, ढोल - ढमाकों के साथ चौक बाजार स्थित गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होगी जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई कथा स्थल नीमा ग्राउंड पहुंचेगी। उसके पश्चात श्रीमद् भागवत महापुराण के पूजन के बाद कथा प्रारंभ होगी।

## सीईओ जिला पंचायत ने अधिकारियों की ली बैठक

# एसीएस डॉ.राजौरा उज्जैन संभाग के विकास कार्यों की 31 को करेंगे समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

अपर मुख्य सचिव डॉ.राजेश राजौरा उज्जैन संभाग के आयुक्त, संभाग के समस्त जिला कलेक्टर्स एवं समस्त जिला पंचायत सीईओ को निर्देश दिये हैं कि उनके द्वारा 31 दिसम्बर को प्रातः 10 से 2 बजे तक उज्जैन संभाग के विकास कार्यों की समीक्षा की जायेगी। जिसमें आगर-मालवा जिले की समीक्षा की जाएगी। समीक्षा लोक निर्माण, नगर निगम, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, मप्र सड़क विकास प्राधिकरण, मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, ग्रामीण विकास विभाग, पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन, मप्र गृह निर्माण मण्डल आदि के स्वीकृत एवं निर्माणाधीन ऐसे स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा की जायेगी, जिसमें 50 लाख से अधिक राशि के कार्य प्रगति पर है। इसके साथ ही प्रत्येक जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण/शहरी, हर घर जल-जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रगति, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना, मनरेगा योजना तथा नामांतरण/सीमांकन की समीक्षा की जायेगी।

### सीईओ जिला पंचायत कौर ने अधिकारियों की बैठक ली

सीईओ जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर द्वारा विकास कार्यों की समीक्षा वीडियों कान्फ्रेंस के संबंध में अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में प्रचलित कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में सभी पात्र हितग्राहियों के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाकर वितरित किए जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि गरीब कल्याण योजना एवं अंत्योदय योजना के परिवारों को निर्देशानुसार खाद्यान्न वितरण करवाये, हर-घर-नल से जल योजना के कार्य समयावधि में पूर्ण करवाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारी विभाग की अद्यतन जानकारी के साथ वीडियो कान्फ्रेंस में नियत समय पर उपस्थित रहे।

# जिले के युवाओं को शासन की स्व रोजगार योजनाओं से जोड़ें: सीईओ जिपं कौर



हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालवा

सीईओ जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्तरीय बैंकर्स एवं सलाहकार समिति (डीएलसीसी)की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ कौर ने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित स्व-रोजगार योजनाओं के लक्ष्यों की विभाग व बैंकवार प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियो एवं बैंकर्स को स्वरोजगार योजना में शासन स्तर से प्राप्त लक्ष्य की पूर्ति करने के निर्देश दिए, साथ ही कहा कि जिले के आधिकाधिक युवाओं को शासन की स्व-रोजगार योजनाओं से जोड़कर उन्हें बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाए। ताकि वे अपना स्व-रोजगार स्थापित कर सके। उन्होंने स्व-रोजगार योजनाओ से संबंधित सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण के भी निर्देश बैठक में दिए। बैठक में अग्रणी बैंक प्रबंधक दिलीप सिंह, सभी बैंक शाखाओ के प्रबंधक, स्वरोजगार योजनाओं से जुड़े विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### व्यय प्रेक्षक ने व्यय लेखा निरीक्षण व समाधान बैठक ली

**आगर-मालवा।** व्यय प्रेक्षक अनिल शशिधरन द्वारा निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शुक्रवार को विधानसभा निर्वाचन-2023 हेतु जिले की विधानसभा सुसनेर एवं आगर(अजा) के सभी अभ्यर्थियों के व्यय लेखा निरीक्षण एवं समाधान बैठक संयुक्त कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में ली गई।

### लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करें: डॉ. सुखदेव बैरागी



**कानड़।** छात्र अपना लक्ष्य निर्धारित करें व टाइम टेबल बनाकर अपनी परीक्षा की तैयारी पूरी मेहनत से करे। सफलता आपके कदम चूमेगी, यह बात नेताजी सुभाष पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल कानड़ में शासकीय महाविद्यालय नलखेड़ा के भौतिक शास्त्र के प्रोफेसर डॉ. सुखदेव बैरागी ने छात्रों को संबोधन करते हुए कही। आपने छात्रों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी हेतू मोटिवेट करते हुए डॉ. अब्दुल कलाम, न्यूटन , जगदीशचंद्र बसु जैसे महान वैज्ञानिको के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। रामचरित मानस की चौपाई, वेद पुराण के बारे में भी आपने विस्तार से छात्रों को समझाया और अपने माता-पिता व गुरु का सम्मान करने की बात कही। इस अवसर पर प्राचार्य कृष्णचन्द्र शर्मा, प्र.अ. राधेश्याम बरेठा, गौरव शर्मा, अर्जुन राठौर, राहुल त्रिवेदी, राजेश बीजापारी व बड़ी संख्या में दसवी, बारहवी के छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दीपक बोस ने किया।

## जिम्मेदार बोले- होगी सख्त कार्रवाई

# प्रतिबंध के बावजूद बगलामुखी मंदिर पर हो रहे मिर्ची हवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेडा

विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर भक्त अपनी मनोकामना को लेकर हवन - अनुष्ठान भी करते है। ऐसे हवन - अनुष्ठान में एक मिर्ची हवन भी होता है, जिससे स्वास्थ्य पर होने वाले विपरीत असर को देखते हुवे वर्षो पूर्व मंदिर प्रबंध समिति द्वारा इस पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। लेकिन प्रतिबंध के बावजूद सिद्धपीठ पर मिर्ची से हवन किये जा रहे है। ऐसे हवन करने वाले कर्मकांडी पंडितों के खिलाफ प्रबंध समिति द्वारा कार्यवाही की जाना चाहिए।

वहीं इस मामले में मंदिर समिति के जिम्मेदार द्वारा कहा गया है कि यदि कोई मिर्ची हवन करते पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जावेगी। अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर पर हवन अनुष्ठान करने की मान्यता है जिसके चलते यहाँ प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्त हवन - अनुष्ठान करते है। हवन-अनुष्ठान के लिए मंदिर पर बड़ी संख्या में कर्मकांडी पंडित हर समय उपस्थित रहते है।

ऐसे हवन - अनुष्ठानों में कई कर्मकांडी पंडित भक्तों को मिर्ची से हवन करवाने के लिए भी प्रेरित करते है। कई वर्षों पूर्व इस प्रकार के हवन अधिक संख्या में होने लगे थे। मिर्ची से हवन के कारण सिद्धपीठ पर उपस्थित अन्य भक्तों, सेवकों व दर्शनार्थियों के स्वास्थ्य पर हो रहे विपरीत असर को देखते हुवे वर्षो पूर्व मंदिर प्रबन्ध समिति द्वारा मिर्ची से हवन करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। प्रतिबंध के बाद कुछ वर्षो तक यह पूर्ण रूप से बंद रहे लेकिन विगत कुछ समय से धीरे धीरे इस प्रकार के मिर्ची हवन पुनः प्रारम्भ हो गए है। जिन्हें मंदिर पर मौजूद कर्मकांडी पंडित ही करवा रहे होंगे। ऐसे में प्रतिबंध के बावजूद पुनः हो रहे मिर्ची हवन से उपस्थित भक्तों के साथ ही अन्य कर्मकांडी पंडितों के स्वास्थ्य पर फिर से विपरीत असर हो रहा है।



मंदिर प्रबन्ध समिति को मिर्ची हवन के प्रतिबंध का सख्ती से पालन करवाना चाहिए साथ ही इस प्रकार के हवन करवा रहे कर्मकांडी पंडितों पर कार्यवाही भी की जाना चाहिए जिससे अन्य पंडित इस प्रकार के हवन नही करवाये। ऐसे कर्मकांडी पंडित की पहचान प्रबंध समिति आसानी से कर सकती है क्योंकि समिति द्वारा मंदिर के पीछे स्थित यज्ञशाला एवं मंदिर के बगल में पार्क में स्थित अस्थाई यज्ञशाला में सीसीटीवी कैमरे लगा रखे है। जिनकी क्लिपिंग के माध्यम से आसानी से पहचान की जा सकती है।

**कार्रवाई होगी**

आपके द्वारा यहा मामला संज्ञान में लाया गया है। इसको लेकर लगातार कर्मचारियों द्वारा निगरानी की जाएगी और कोई पंडित मिर्ची से हवन करवाते हुए पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**प्रीति भीसे,** मां बगलामुखी मंदिर समिति सचिव एवं तहसीलदार नलखेड़ा

# 'मुख में हो राम नाम, राम सेवा हाथ में तू अकेला नहीं प्यारे, राम तेरे साथ में'

### कृष्ण जन्मोत्सव पर माखन मिश्री बांट दी बधाईयां





हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

नवीन बस स्टैंड पर चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण के चौथे दिन नन्द उत्सव में बडी संख्या में भक्ती रस में डूबे श्रद्धालुओं ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आनन्द लेते हुए भाव से कथा का श्रवण किया। कथा के चौथे दिन कथा सरस सुगणा बाई सा ने व्यासपीठ से कथा की शुरूआत भगवान की भक्ति से करते हुए कहा तन को संसार के कामों में लगा दे कोई बात नहीं लेकिन मन को भगवान के काम में लगाइए तभी आपके जीवन का उद्धार होगा। कोई भी काम करते हुए भगवान का नाम जप करो यही आपको तारेगा और इस संसार के मायाजाल से छुटकारा दिलाएगा। मुख में हो राम नाम राम सेवा हाथ में,तू अकेला नहीं प्यारे राम तेरे साथ में कोई भी काम अगर भगवान को साथ लेकर करेंगे तो सफलता निश्चित ही आपको मिलेगी और भगवान ने यदि आपको धन दिया है तो उसे भी नहीं काम में लगाए। कथा को आगे बढ़ते हुए कथा सरस ने वामन अवतार के प्रसंग को विस्तार से वर्णन करते हुए कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मना कर कथा को विराम दिया।

### नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की...

कथा में कृष्ण जन्मोत्सव पर मैं रोज लगाऊं हाजिरी मेरे सांवरिया सरकार जरा जल्दी जल्दी आओ तेरे भक्त करे पुकार, नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के उद्घोष के साथ समूचा पांडाल गूंज उठा,टोकरी में छोटे से नंदलाला को बिठाकर जब पंडाल में लगाया गया तो फूलों और तालियों के साथ कृष्ण लला का स्वागत कर बधाइयां दी गई। वही व्यासपीठ से कथावाचक द्वारा गाए जा रहे हैं मधुर भजनों पर पंडाल में उपस्थित सभी भक्तों झूमते हुए कृष्ण भक्ति में लीन हो नजर आए। कृष्ण जन्म उत्सव की खुशी में समूचे पंडाल में मिठाइयां लड्डू और माखन मिश्री का प्रसाद वितरित किया गया। कथा विराम पर आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान कथा पंडाल में बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## तानसेन समारोह में कलाकारों ने दी प्रस्तुति



**देवास।** यूनेस्को की संगीत नगरी ग्वालियर में सुर, लय और ताल का अद्भुत आयोजन विगत दिनों सम्पन्न हुआ। 99वें तानसेन समारोह के दौरान ताल दरबार कार्यक्रम में तबला वादन का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज किया गया। अंतराष्ट्रीय तानसेन समारोह में सम्पूर्ण भारत से आए लगभग 1500 कलाकारों ने एक साथ तबला वादन किया। समारोह में देवास शहर से कुं. रागिनी चांदोलिकर एवं शिरीष चांदोलिकर ने भी प्रस्तुति देकर देवास शहर का नाम गौरवांवित किया। शिरीष चांदोलिकर ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शामिल हुए।

## वार्ड में सीमेंट मार्ग का निर्माण कार्य शुरू

**देवास।** वार्ड क्रमांक 40 में 10 लाख रुपए की लागत से बाबूजी हलवाई की दुकान के सामने वाली गली के साथ वार्ड विभिन्न गलियों को सीमेंट क्रांकीट का कार्य प्रारंभ हुआ। जिसका भूमिपूजन विधायक गायत्रीराजे पावर, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, एवं क्षेत्रीय पार्षद व नगर निगम स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेंद्रसिंह बैस ने कुछ समय पूर्व किया गया था। जिसके फलस्वरूप निर्माण की शुरूआत शुक्रवार से की गई। सीमेंट क्रांकीट मार्ग का कार्य प्रारंभ होने से स्थानीय लोगों में हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर भाजपा नेता प्रेमसिंह चावड़ा, अनिल चावड़ा, महामंत्री नयन कानूनगो, विष्णु जलोदिया, विजय जलोदिया उपस्थित थे।


### बागली जनपद अंतर्गत ठेकेदारों पर नहीं अधिकारियों का नियंत्रण

# बीता तीन विधायकों का कार्यकालः सालों बाद भी नल-जल योजना नहीं हुई पूरी

### योजना पूरी नहीं होने के कारण ग्रामीणों को उठाना पड़ रही परेशानी, गर्मी के दिनों में जल संकट का करना पड़ेगा सामना।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

शासन की मंशा अनुसार ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए नल जल योजना शुरू की गई हैं, लेकिन वास्तविक लाभ भमोरी जैसी कई गांवों में नही पहुँच पाया हैं। इन गांवों के वार्डों में उक्त योजना से कोई भी लाभान्वित नही हो पाया है। भमोरी फाटा स्थित एक नंबर वार्ड में पूरे 5 वर्ष निकल जाने के बाद भी वहां के नागरिकों को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वार्ड नंबर 1 के पंच दुलीचंद पाटीदार ने बताया की लगभग 70 से 80 परिवार रहते हैं, लेकिन अभी तक मेरे क्षेत्र के नागरिकों को पानी नहीं मिल पाया है। वहीं जहां पानी जा रहा है वहां पर कहीं पाइप फूटी है, तो कहीं पर टोटी वाल्व नहीं लगे हैं। देव महाराज के मंदिर के पास में पाईप जाइंट के लिए गड्ढा खोदा गया था जिसके एक महीने बाद भी लिकेज नहीं जुड़ सका। लाइन फूटने के कारण रोजाना रोड गीली हो रही है, इससे स्कूल जाने वाले छोटे बच्चे कीचड़ में गिर रहे हैं। टंकी का जब भूमि पूजन हुआ था उस समय स्व. चंपालाल देवड़ा विधायक थे, उसके बाद 5 वर्ष पहाड़ सिंह कन्नौजे के निकल गए, फिर से तीसरे विधायक मुरली भंवरा का कार्यकाल शुरू हो गया, लेकिन नल जल योजना का काम अधूरा का अधूरा रह गया। जब तक काम पूरा नहीं होता है पंचायत भी हैंडओवर करने को तैयार नहीं है। उक्त योजना अंतर्गत गुजरात का ठेकेदार 1 वर्ष से नियमित रूप से काम नही कर रहा है। कार्यरत कैलाश बावड़ीया ने बताया कि लाइन दो-चार जगह लीकेज है, एक जगह पाइप लिकेज है एक महीना हो गया, पाइप जोड़ने वाली मशीन नहीं आने के कारण मेन रोड का गड्ढा नहीं भरा गया हैं। इससे नागरिकों को वाहन निकालने में परेशानी आ रही है। वहीं सब्वेल के पास की मोटर जले हुए एक महीना हो गया लेकिन मोटर अभी तक सुधर नहीं पाई हैंम








### शुकुन वाली बात भी है

वही कोलीपुरा गमापुरा में पानी मिल रहा है, मोहल्ले के जगदीश जाटव, भारत कोली, एवं पुनी बाई ने बताया कि हमारे यहां संक्रांति के बाद पानी खत्म हो जाता था, लेकिन अब नल जल योजना के कारण नागरिकों में थोड़ी राहत है, अभी एक टाइम में आधा घंटा पानी मिल रहा है इससे महिलाओं को हैंड पंप पर एवं कुए मे पानी लेने नहीं जाना पड़ता है। पहले एक दोपहर पानी भरने में लगता था। रामचरण विश्वकर्मा पंचायत सचिव ने बताया कि जब तक पूरा काम नहीं हो जाता हेडओवर कैसे करेंगे जैसे ही काम पूरा होता है। हम हेड ओवर करने को तैयार है। जनपद पंचायत बागली के अंतर्गत हर गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेय जल योजना का काम चल रहा है। यह योजना केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना मानी जाती है लेकिन बागली जनपद के अंतर्गत अधिकारियों का इस योजना के अंतर्गत काम करने वाले ठेकेदारों पर नियंत्रण नहीं है। नियमों को ताक पर रखकर काम किया जा रहा है। शिकायतों के बाद भी अधिकारी उचित कार्य नहीं कर पा रहे हैं, तो कई पंचायत में ठेकेदार द्वारा कनेक्शन के नाम पर अवैध वसूली भी की जा रही है। जिसकी जानकारी भी अधिकारियों को है, जिसका बावजूद भी कोई इस और ध्यान देना उचित नहीं समझ रहा है। पीएचई एस डी ओ हेमंत सेठी ने बताया कि अभी ठेकेदार का काम उदयनगर तहसील में चल रहा है। उससे बोलकर जल्द ही काम पूर्ण करायेंगे।

### बचा काम पूरा करवाएंगे

इस संबंध में पीएचई के अधिकारी से बात कर जल्द ही बचा हुआ काम करवाता हूं।

**राजू मेडा,** सीईओ जनपद बागली

### प्राथमिकता से कराएंगे काम पूरा

पीएचई विभाग से बोल रखा है कि पेंडिंग काम प्राथमिकता से कराए, जो ठेकेदार काम नहीं कर रहा है। उसकी राशी काटे। भमोरी का काम प्राथमिकता से करवाउंगा।

**मुरली भंवरा,** विधायक बागली

# जमीन को लेकर हत्या के आरोपियों को आजीवन कारावास और अर्थदंड

### दूसरे पक्ष के आरोपीगणों को भी मिली सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जमीन को लेकर की गई हत्या के दो आरोपी को आजीवन कारावास व अर्थदंड की सजा न्यायालय ने सुनाई है। प्रभारी जिला लोक अभियोजक जयन्ती पुराणीक द्वारा दी गई जानकारी अनुसार पुलिस थाना पीपलरावा अन्तर्गत ग्राम जमोड़ी में दिनांक 29/6/2021 को रात्रि 10 बजे हनुमान मंदिर के सामने अभियुक्तगण एवं फरियादी के मध्य जमीन को लेकर विवाद में अभियुक्त जितेन्द्र सैंधव, मांगीलाल सेंधव द्वारा बलवान की मृत्यु कारित करने के आरोप में अपराध क 251/2021 धारा 302, 324, 323 34 भारतीय दण्ड संहिता अन्तर्गत आरोपीगण के विरूद्ध पंजीबद्ध किया था। द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश देवास सोनल पटेल ने सम्पूर्ण प्रकरण के विचारण के बाद आरोपी मांगीलाल, जितेन्द्र को धारा 302, भादस के अपराध में आजीवन कारावास 5000/रु अर्थदंड व धारा 323, भादस के अपराध में 3 माह का साधारण कारावास व 500 रु अर्थदंड के अपराध से दोषसिद्ध किया गया। प्रकरण की क्रास रिपोर्ट अपराध क्र. 253/2021 आरोपीगण अर्जुनसिंह सेधव, भीमसिंह सेंधव, राजवीर सिंह उर्फ कान्हा, गोपाल सिंह सेंधव निवासी ग्राम जमोडी के विरूद्ध धारा 326, 341, 324, 323, 294, 34 भारतीय दंड संहिता के अन्तर्गत अपराध पंजीबद्ध किया। द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश देवास सोनल पटेल ने सम्पूर्ण प्रकरण के विचारण के बाद आरोपी अर्जुनसिंह को धारा 325 -2 शीर्ष में 1 वर्ष का सश्रम कारावास व 1000 अर्थ दंड धारा 341 में 1 माह का साधारण कारावास व रु 500 अर्थदंड की सजा दी। आरोपी भीमसिंह, राजवीर गोपाल को धारा 325 भा.द.स के अपराध में 1-1 वर्ष का सश्रम कारावास व 1000-1000 रूपये अर्थदंड की सजा दी प्रकरण में शासन की ओर से अभियोजन का संचालन मनोज श्रीवास अतिरिक्त लोक अभियोजक एवं मनोज निगम ने किया। कोर्ट मुंशी रमेश बर्डे का सहयोग रहा।

## जनपद सदस्य के लिए वार्ड क्रमांक 13 में तीन उम्मीदवार उतरे मैदान में

**बागली।** जनपद पंचायत बागली के वार्ड क्रमांक 13 में जनपद सदस्य के लिए 5 जनवरी को उपचुनाव होना है। जिसके लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। चुनाव मैदान में तीन उम्मीदवार खड़े हुए हैं। जिसमें एक भाजपा समर्थित एवं एक कांग्रेस समर्थक एवं एक आम व्यक्ति चुनावी मैदान में है।अब देखना यह है कि इस वार्ड में कौन बाजी मारता है। बता दे कि वार्ड क्रमांक 13 में लगभग 9 गांव आते हैं ,5 ग्राम पंचायत आती है, चुनावी मैदान में दो उम्मीदवार पाटीदार समाज से है, वही एक आदिवासी समाज से हैं। हालांकि इस वार्ड में ग्राम छतरपुरा एवं नयापुरा पाटीदार समाज का बहुमूल्य गांव है। इस उप चुनाव में कौन बाजी मारेगा यह तो समय पर पता चलेगा। कांग्रेस समर्थित कंठाली एवं भाजपा समर्पित आशीष पाटीदार, राजेश कर्मा चुनावी मैदान में है। हालांकि यह चुनाव व्यक्तिगत व्यवहार पर अधिक निर्भर रहता है। उम्मीदवार आशीष पाटीदार की बात की जाए तो वह एक बार छतरपुरा पंचायत से 2022 में सरपंच का चुनाव लड़ चुके हैं। जिसमें हार का सामना करना पड़ा था, हालांकि आशीष पाटीदार के लिए यह सकारात्मक बात है कि वह भाजपा से जुड़े हुए हैं। लेकिन इसका लाभ उन्हें मिल पाता है या नहीं यह तो समय पर पता चलेगा। तो वही हुकमचंद कंठाली की बात की जाए तो लंबे समय से वह राजनीतिक क्षेत्र में है और ग्राम पंचायत नयापुरा के 2003 में सरपंच बने, तभी से नयापुरा पंचायत नेतृत्व करते आ रहे हैं। उनकी पत्नी निर्मला कंठाली जनपद अध्यक्ष भी रह चुकी है, जिनके नेतृत्व में जनपद परिषद में दुकान का निर्माण एवं नयापुरा में घाट निर्माण व वाटिका निर्माण हुआ है। निर्वाचन आयोग द्वारा उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह भी दे दिए गए हैं। चुनाव चिन्ह मिलते ही उम्मीदवार अब क्षेत्र में भ्रमण कर मतदाताओं का विश्वास जीतने के लिए जतन करने लगे हैं।

## जिले में परिवहन विभाग ने कार्रवाई कर 44 हजार रूपए से अधिक शमन शुल्क वसूला



**देवास।** जिले में परिवहन विभाग के दल द्वारा यात्री वाहनों के विरूद्ध विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग अभियान में देवास के भोपाल एवं मक्सी मार्ग पर पर यात्री बसों की चैकिंग कार्यवाही की गई है। जिला परिवहन अधिकारी जया वसावा, यातायात थाना प्रभारी पवन बागड़ी तथा परिवहन दल के द्वारा मार्ग पर सघन जांच कर लगभग 41 यात्री बसों को चैक किया। जिसमें एक स्कूल बस बिना परमिट एवं बिना फिटनेस के जप्त की जाकर उससे 25 हजार रूपये शमन शुल्क वसूल किया गया एवं अन्य वाहनों में अनियमिता पाए जाने पर 19 हजार 500 रूपये शमन शुल्क वसूला।

## गुरूवार देर रात कलेक्टर ने किया जिला अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



गुरूवार देर रात कलेक्टर ने किया जिला अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण देवास। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने गुरूवार को देर रात्रि जिला अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर गुप्ता ने जिला अस्पताल में इमरजेंसी वार्ड सहित प्रथम और दूसरी मंजिल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। अत्याधिक भीड़ होने पर नाराजगी व्यक्त की और सुरक्षा एजेंसी के कर्मचारियों को निर्देश दिए की एक मरीज के साथ केवल एक अडेंडर साथ रहे। इनको मरीज के साथ रहने पास दिया जाये। कलेक्टर गुप्ता ने ड्यूटी पर सिक्योरिटी गार्ड, सफाई कर्मचारियों को निर्धारित ड्रेस में रहने के निर्देश दिए। जिला अस्पताल में सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग से चौकी में ड्यूटी पर पुलिस निरंतर रात्रि कालीन गस्त कर जिला अस्पताल के विभिन्न वार्ड में राउंड लगाए। मरीज के परिजनों को जानकारी दे की परिवारजन परिसर में बने रैन बसेरा में रुके, न्यूनतम दर पर रुकने की व्यवस्था और केंटिंग में नास्ते/भोजन की व्यवस्था है। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापित, सिविल सर्जन डॉ एमपी शर्मा, आरएमओ डॉ अजय पटेल और अस्पताल प्रबंधक प्रमोद गुणवान सहित अन्य उपस्थित थे।

# नंदी के मुंह में फंसा कलर का डिब्बा गौ सेवकों ने मशक्कत कर निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



गणेशपुरी बालगढ़ में एक नंदी के मुंह में कलर का डिब्बा फंस गया, जिसकी वजह से वह नंदी परेशान हो रहा था। कालोनी के लोगों ने उस डिब्बे को निकालने की कोशिश की लेकिन नंदी उनको अपने पास नहीं आने दे रहा था तब लोगों ने नगर निगम की टीम को सूचना दी लेकिन निगम की टीम से नंदी पकड़ में नहीं आया और वे लोग वापस चले गए। इसके पश्चात वहां के रहवासी ललित खाडलिया ने कुबेर राज गौ सेवा संगठन के गौ सेवक सचिन प्रजापति को सूचना दी और प्रजापति ने अपनी टीम के साथ नंदी को पकड़कर उसके मुंह से कलर का डिब्बा निकाला। इस कार्य में सचिन प्रजापति के साथ संदीप, सोनू प्रजापति, गौतम, रोहित, बना आदि ने अपना सहयोग प्रदान किया। डिब्बा निकलजाने के बाद नंदी ने चैन की सांस ली और कालोनीवासियों ने गौ सेवकों का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया। प्रजापति ने बताया कि कहीं भी कोई भी गौ वंश परेशान दिखे या उसे मदद की जरूरत हो तो कृपया 9425828130 पर संपर्क करें।

## श्री दत्त पादुका मंदिर श्री क्षेत्र बांगर में होगा भंडारा



**देवास।** श्री दत्त मंदिर क्षेत्र बांगर में श्री दत्तात्रेय जन्मोत्सव के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 31 दिसम्बर 2023 रविवार को प्रसिद्ध भंडारा आयोजित होगा। मंदिर व्यवस्थापक और पुजारी दत्ताप्रसाद कुलकर्णी ने बताया कि महाप्रसाद-भंडारे की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। जिसमें देवास,इंदौर,उज्जैन के साथ ही अन्य जगहो से श्रद्धालु आते है।पिछले साल भी करीब 50 हजार लोगों ने प्रसादी का लाभ लिया।भंडारा दोपहर 11 बजे के बाद प्रारंभ होगा।

# धाराजी पर लाइट लगाकर रोशन किया गया घाट





हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

पूर्व विधायक पहाड़ सिंह कन्नौजे के प्रयासो के चलते धराजी घाट से धारा 144 हटाने के बाद में घाट का निर्माण हुआ था। हालांकि कुछ हिस्से का निर्माण कार्य अभी भी अधूरा है। यहां पर लाइट न होने के कारण रात्रि में श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसी के चलते बागली विधायक मुरली भंवरा के नेतृत्व में ओम महाशक्ति ग्रुप एवं विपिन शिवहरे मित्र मंडल बागली द्वारा सम्पूर्ण घाट को स्थायी लाइट से सुसज्जित किया गया। साथ ही रहवासियों से निरंतर स्वछता का ध्यान रखने हेतु आग्रह किया।नगर परिषद बागली उपाध्यक्ष प्रतिनिधि विपिन शिवहरे ने जानकारी देते हुए बताया कि घाट पर स्थाई लाइट न होने के कारण रात्रि में श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था उसी को ध्यान में रखते हुए बागली विधायक मुरली भंवरा के नेतृत्व में यहां पर स्थाई रूप से लाइट लगाई गई है। अब रात्रि के समय पर पूरे घाट पर रोशनी रहेगी, और यहां पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं एवं संतों को भी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल भी उपस्थित हुए एवं विधायक एवं विपिन शिवहरे मित्र मंडल की सराहना की। इस अवसर पर संत मंडली,आम रहवासी, ॐ महाशक्ति ग्रुप के सभी साथी, खंडेलवाल, कैलाश बालदी, सलीम शेख, पं. रूपेश वत्स, हजारी लाल,आदि मौजूद रहे।

### 31 दिसंबर को सौ से अधिक गांवो के लोग अक्षत कलश लेने पहुचेंगें हाटपीपल्या

# एक माह तक रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में होगें आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हाटपीपल्या

आगामी 22 जनवरी को अयोध्या मे नवनिर्मित भव्य, दिव्य मंदिर मे भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। सैकडों वर्षों की प्रतिक्षा के बाद हो रहे इस आयोजन को लेकर हर कोई उत्साहित है । हर तरफ तैयारी जोरो पर है । नगरीय एवं ग्रामीण क्षैत्रो मे इस दिन को उत्सव के रूप मनाते हुए मंदिरो मे महाआरती, हवन पूजन ,सुंदर कांड ,हनुमान चालीसा सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जांऐंगे। इन दिनो माहौल को राममय बनाने के लिए ग्रामीणक्षैत्रो मे लोगों द्वारा भगवान श्री राम के भजनों के साथ प्रभात फेरी निकाली जा रही है । वहीं नगर और ग्रामो मे रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समितियो का गठन किया जा रहा है। खण्ड प्रचार प्रमुख हर्षवर्धन उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया की इसी कार्यक्रम के तहत 31 दिसम्बर को हाटपीपल्या मे आयोध्या से आए अक्षत कलश को लेने 108 गांव और दो नगर के हजारों रामभक्त इकट्ठा होंगे । रविवार दोपहर 12 .30 बजे मेला ग्रांउड मे होने वाले इस कार्यक्रम मे हाटपीपल्या खण्ड के सभी ग्रामो को अक्षत कलश वितरण किया जाएगा। यह अक्षत कलश को लेकर ग्रामीण जन भगवा यात्रा के रूप मे अपने अपने गांव पहुंचेगे और 1 से 15 जनवरी तक अभियान चलाकर घर घर अक्षत कलश पूजन किया जाएगा । साथ ही स्वयंसेवक आंमत्रण पत्र , रामलला के चित्र ,पीले चावल के साथ आम जनता से रामलला प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव मे शामिल होने का आग्रह करेंगे ।



### एक अक्षत कलश से बनाए 108, गांव-गांव पहुचेंगें

खण्ड हाटपीपल्या मे आयोध्या से आए एक अक्षत कलश से 108 अक्षत कलश तैयार किए गए है जो खण्ड मे स्थित ग्रामो मे ग्रामवार बांटे जांऐगे। इन कलश में भरे पीले चावल जिसे अक्षत कहा जाता है. उसे ग्रामो के सभी मंदिरों तक पहुंचाया जाएगा. कलश के अंदर यह पीले अक्षत थोड़ी-थोड़ी मात्रा में हर हिन्दू परिवार को वितरित किया जाएगा। इसके अलावा यह अक्षत कलश एक निमंत्रण के रूप में बांटा जाएगा। पीले चावल बांटने का उद्देश्य इस भव्य आयोजन से सर्व समाज को एवं सभी राम भक्तों को जोड़ना है। मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व ही यह अक्षत से भरे कलश को घर घर और मंदिरों में पहुचांया जाएगा ।

### प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर बैठक आयोजित

31 दिसम्बर को हाटपीपल्या मे खण्ड स्तरीय अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम को लेकर बैठक हुई। जिसमे विभिन्न व्यवस्था को लेकर चर्चा करते हुए स्वयंसेवको को जिम्मेदारी दी गई। वहीं आगामी एक माह तक रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के निमित्त होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा और कार्य योजना बनाई गई । इस दौरान खण्ड संघ चालक जगदीश जाट और खण्ड कार्यवाह निलेश जाट सहित स्वयंसेवक मौजूद थे ।

### घर के आस-पास के मंदिरों में खुशी मनाएंगे लोग

अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम के माध्यम से कार्यकर्ता जनता से आह्वान करेंगे कि जो लोग इस कार्यक्रम में शामिल होने अयोध्या नहीं पहुंच पा रहे वह अपने आसपास के मंदिर में जो भी देवी-देवता हैं वहां पर 22 जनवरी को उनकी पूजा-अर्चना करें । हर मंदिर मे आयोध्या सा माहौल तैयार किया जाएगा। हर कोई अपने घर के सामने कम से कम पांच दीपक जलाकर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की खुशी मनाएं । मंदिरो और धार्मिक स्थलो पर विशेष साज सज्जा कर पर्व के रूप मे इस दिन को मनाया जाएगा ।

# सेंथोमियन राष्ट्रीय स्पीड स्केटिंग टूर्नामेंट में चमके



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सेन थॉम एकेडमी, भोपाल रोड, देवास के छात्रों ने 23 से 24 दिसंबर तक चंडीगढ़ में आयोजित 7वें राष्ट्रीय स्पीड स्केटिंग टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया।

14 वर्ष से कम आयु वर्ग में दक्ष पाटिल और राम जायसवाल ने क्रमशः 200 मीटर और 300 मीटर में स्वर्ण पदक और सात्विक शिवहरे ने 500 मीटर में रजत पदक जीता।

अंडर 12 आयु वर्ग में कृष्णा कामदार ने 500 मीटर में रजत पदक प्राप्त किया। अंडर 16 आयु वर्ग में कनिष्क महाजन ने 300 मीटर में रजत पदक जीता। प्रबंधन, प्राचार्य और स्टाफ ने इस गौरवपूर्ण अवसर पर सभी विजेताओं और कोच को बधाई दी।

## खबर संक्षेप

### मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से की मुलाकात



**आष्टा।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव वरिष्ठ विधायक कैलाश विजयवर्गीय के कैबिनेट मंत्री बनने पर उनके समर्थकों द्वारा भोपाल पहुंचकर मंत्री विजयवर्गीय का नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के नेतृत्व में स्वागत सम्मान कर बधाई दी गई। इस अवसर पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने समर्थकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा तीव्र गति से प्रदेश को विकास की ऊंचाईयों पर ले जाया जाएगा। पूरी निष्ठा, कर्मठता व ईमानदारी से प्रदेश के सर्वांगिण विकास में हम पूरी तरह खरे उतरेंगे ऐसे प्रयास हर संभव होंगे। श्री विजयवर्गीय को बधाई देने वालों में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के साथ पार्षद रवि शर्मा, उमेश शर्मा, वैभव मेवाड़ा, कमलेश विश्वकर्मा सहित अन्य कार्यकर्तागण मौजूद थे।

### दूध सहकारी समिति में हुआ बोनस वितरण




**आष्टा।** दुग्ध सहकारी समिति शेखूखेडा में वर्ष 2014-15 2018-19 2019-20 की बोनस राशि 161622 और लाभांश राशि 7608 सभी सदस्यों को वितरित किया गया। इसमें सबसे अधिक दूधप्रदाय करने वाले सदस्यों को साफा बांधकर एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर मार्ग पर्यवेक्षक राजेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा समिति के वित्तीय पत्रक का वाचन किया गया। केएस दुगरिया जिला नोडल अधिकारी सीहोर द्वारा संघ की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में सदस्यों को बताया गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष भीमसिंह ठाकुर द्वारा सभी सदस्यों को अधिक से अधिक दूध समिति में प्रदान करने के बारे में बोला इस अवसर सभी पर्यवेक्षक सुनील वर्मा, लोकेंद्र सिंह ठाकुर, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, जितेन वर्मा, अर्जुनसिंह मेवाडा, समिति सचिव रणजीत सिंह सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### यातायात व्यवस्था संभालने वाली ट्रैफिक पुलिस भी नहीं रहती मौजूद

# सड़क किनारे लग रहा साप्ताहिक हाट-बाजार जाम से बिगड़ रहे हालात, एंबुलेंस भी फंसी

हर बुधवार को भोपाल नाके के आगे हाट बाजार में सड़क किनारे लगी दुकानों के चलते लगता है जाम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




नगर में भोपाल नाका अर्थात उत्कृष्ट विद्यालय के सामने से लेकर दरगाह तक प्रति बुधवार को लगने वाला हाट बाजार परेशानी का सबब बनता जा रहा है। आपको बता दें की भोपाल नाके से दरगाह तक सड़क किनारे टेंट- तंबू लगाकर दुकानदार दुकानें लगाते हैं। वहीं सब्जी ,फ्रूट सहित अन्य पदार्थ की दुकान हाथ ठेलों पर लगी हुई नजर आती है ।सड़क किनारे यह दुकान लगने से खरीदी करने आने वाले व्यक्ति अपना वाहन बीच सड़क में खड़ा करते है, जिसके कारण प्रति बुधवर को बार बार जाम की स्थिति बन जाती है लेकिन इस समस्या का आज तक स्थाई निराकरण नहीं हो पाया है ।जबकि पहले भी कई बार प्रशासन ने नगर पालिका के माध्यम से चूने की लाइन डलवा कर स्थल निर्धारित कर दिया। वह व्यवस्था एक दो बाजार वाले दिन रही। वैसे नगर का मुख्य बाजार क्षेत्र हो या अन्य कोई हिस्सा, सड़कों पर जाम रोजाना की समस्या बन गया हैं।

नगर के प्रत्येक गली, मोहल्ले में सड़कों पर मवेशी जमे हैं। वहीं हर तरफ बेतरतीब पार्किंग दुकानों के सामने लगी रहती है और यही स्थिति नगर में भोपाल नाके के आगे लगने वाले हाट बाजार की रहती है। सड़क किनारे दुकान लगने के कारण जाम लगता है, वहीं कभी कभी तो हालत इतने बूरे हो जाते हे की जीवन दान देने वाली 108 एंबुलेंस भी इस जाम में फस जाती है लेकिन इस ओर किसी जिम्मेदार का ध्यान नहीं जा रहा है। व्यवस्था सुधारने के नाम पर नगर पालिका और यातायात पुलिस एक्का दुक्का कार्रवाई करती है।लेकिन इसका कोई खास असर विशेष नहीं पड़ रहा है ।कार्रवाई कर अमला पलटता ही है और सड़कों पर फिर पहले की तरह बदहाली पसर जाती है। रोजाना लगते जाम से हर कोई परेशान है, लोगों ने व्यवस्था का स्थाई तौर पर समाधान निकालने की मांग की है।

#### इन स्थानों पर लगता है जाम

नगर के कन्नौद रोड भोपाल नाका, कॉलोनी चौराहा, अदालत चौराहा ,कृषि उपज मंडी के सामने ,बस स्टैंड, पार्वती नदी का पुल, अलीपुर तिराहा, बुधवारा ,बड़ा बाजार सहित अन्य कई क्षेत्र व स्थान पर दिन में कई बार जाम लग रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण सड़कों पर मवेशियों के झुंड तथा अव्यवस्थित रूप से वाहनों की पार्किंग भी है ।मवेशी सड़कों पर घूमते रहते हैं और कहीं भी बैठ जाते हैं ।ऐसे में लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जाम के कारण हालात यह बन रहे हैं कि पैदल चलने वाले भी यहां से नहीं निकल पा रहे हैं ।जाम में फंसे लोग जोर से हार्न बजा रहे हैं, ऐसे में कर्कश आवाजों से परेशानी और बढ़ रही है ।जोर से हार्न बजाने पर कई बार विवाद की स्थिति भी बन रही है।

#### संकरी गलियों में भी स्कूल बसें और कारों की आवाजाही

सबसे अधिक परेशानी बड़ा बाजार एवं बुधवारा के सड़कों पर आती है ।वहीं आसपास की संकरी गलियों में भी दिन में कई बार जाम लग रहा है। इसका कारण यह है कि स्कूल बसों सहित कार और अन्य वाहन भी इन गलियों से निकाले जा रहे हैं ।दूसरी और दुकानों के बाहर लोगों द्वारा सही तरीके से बाइक व अन्य वाहन खड़े नहीं करते हैं ।ऐसे में यहां भी दिन में कई बार जाम लग रहा है ।सबसे ज्यादा परेशानी बुधवारा के मार्ग पर हो रही है। बड़े वाहन आने पर लोगों का पैदल निकलना भी मुश्किल हो रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि दिन में कई बार जाम लगता है ,बावजूद कहीं भी यातायात पुलिस के जवान व्यवस्था संभालते हुए नजर नहीं आ रहे हैं।

# चोरी की घटना को अंजाम देने वाला गिरोह गिरफ्तार

### चोरी का माल भी किया बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आष्टा आकाश अमलाकर के के नेतृत्व मे थाना आष्टा चौकी अमलाहा पुलिस ने कचनारिया जोड के पास हुई टायर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले फरार आरोपी याकूब खान पिता इब्राहिम खान को पकडकर चोरी गया मश्रुका बरामद करने मे सफलता प्राप्त की है। गौरतलब है की 29 अपैल को फरियादी सोनू पिता कुंवरपाल जाटव निवासी बेदाखेडी के द्वारा रिपोर्ट किया कि उसकी कचनारिया जोड पर स्थित टायर पंचर की दुकान से फूटे व रनिंग टायर कुल नग 16 को कोई अज्ञात आरोपी रात्रि को चुराकर ले गया, फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया। विवेचना कार्रवाई उप निरीक्षक अविनाश भोपले के द्वारा की गई। मुखबिर सूचना व सीसीटीवी फुटेज पर घटना के आरोपी आशिक खॉ पिता दौलत खॉन निवासी लालपुरा मेहतवाडा को गिरफ्तार कर पूछताछ पर पुलिस को पता चला कि घटना में अन्य आरोपी याकूब खान व सरफराज भी थे। जिनकी पुलिस लगातार तलाश कर रही थी। घटना से ही शातिर चोर फरार चल रहे थे। गिरफ्तारी के डर से विभिन्न राज्यों में छिप रहे थे। उनकी गिरफ्तारी में सहयोग हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा ईनाम घोषित किया। 27 दिसंबर को थाना आष्टा अमलाहा पुलिस ने मुखबिर सूचना पर कार्रवाई करते हुए इनामी फरार शातिर आरोपी याकूब खान पिता इब्राहिम खान को गिरफ्तार कर चोरी गया मशरूका बरामद करने ने सफलता प्राप्त की है। आरोपी से चोरी के अन्य मामले में पूछताछ की जा रही है। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी पुष्पेन्द्र सिंह राठौर, चौकी प्रभारी अमलाहा उप निरीक्षक अविनाश भोपले, प्रधान आरक्षक अशोक यादव, आरक्षक संजय चंद्रवंशी, आरक्षक धीरज मंडलोई, साइबर आरक्षक सुशील साल्वे व महिला आरक्षक आशा चौहान, सैनिक गजराज वर्मा, सैनिक आनंद मेवाडा की सराहनीय भूमिका रही।

# मानस सम्मेलन के दौरान सकल हिंदू समाज ने सांधू-संतों का किया सम्मान


हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




नगर में विगत चार दिनों से चल रहे मानस सम्मेलन में सम्बोधित कर रहे सन्त श्याम मनावत मानस मर्मज्ञ नागेश्वर धाम उज्जैन द्वारा राम कथा में महारानी सुमित्रा का चरित्र बड़े मार्मिक ढंग से सुनाया। बाद में वर्षा नागर ने अपने सम्बोधन में कहा कि नारद जी को एक बार मन में आया कि विवाह करू उन्होंने भगवान विष्णु से विवाह करवाने के लिए कहा । भगवान ने अपनी लीला रचकर उनका घमंड तोड़ा। इस अवसर पर अन्नपूर्णा मंदिर के महंत दीपक दास त्यागी भी उपस्थित थे। सकल हिन्दू समाज द्वारा सभी सन्तों का सम्मान किया। जिसमें सकल समाज अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, सुरेश सुराना, मनीष डोंगरे, मुकेश नामदेव, राजीव गुप्ता, निर्मल बैरागी, सुधीर महलवार, बाबू लाल बिल्लोरे, महेश जाट, शिव प्रसाद प्रजापति, सुशील भोजवानी, नरेन्द्र कुशवाह, ओमप्रकाश पुरी, जितेन्द्र परमार, नन्द किशोर यादव, गोपाल पांचाल, रमेश मालवीय, जितेन्द्र परमार ,लखन विश्वकर्मा, लखन पाटीदार, अचल किरार, रमेश मालवीय इत्यादि सज्जन उपस्थित हुए।

# हादसे रोकने जागरूक लोगों ने हटाई निर्माण सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शहर की जिम्मेदार नगर पालिका ही इतनी बेसुध हो जाती है की उनकी उदासीनता से नगर के नागरिकों को कई बार परेशानी भी उठानी पड़ सकती है। गौरतलब हे की भोपाल नाके पर 101 फिट ऊंचाई का राष्ट्रीय ध्वज लगाया जाएगा। जिसका लोकार्पण जल्द होने वाला है, लिहाजा इस फ्लैग के लिए प्लेट फार्म बनाया गया था। जिसके लिए निर्माण सामग्री को बीच सड़क पर ही पटक दिया गया।

लेकीन कार्य पूर्ण होने के बावजूद निमार्ण कार्य करने वालों लापरवाही दिखाते हुऐ निर्माण सामग्री को बीच सड़क भी छोड़ गए। हर बुधवार को लगने वाले हाट बाजार में अत्यधिक भीड़ के चलते पैदल और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं कई वाहन चालक दुर्घटना के शिकार भी हुऐ। ऐसे में इस चोराहे की रेस्टोरेंट पर शाम को दिनभर की थकान मिटाने के लिय बैठने वाले शहर के युवा व्यापारीयो ने जागरूकता का परिचय देते हुए सड़क पर बिफरी पड़ी निर्माण सामग्री को पावडे से एकत्रित कर एक तरफ किया। वहीं एक अन्य शक्श ने इसका विडीयो बना कर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया।

जिसके बाद शहर के नागरिकों ने जहा इन जागरूक नागरीकों के इस कार्य की तारीफ की तो नगर पालिका को जमकर लताड़ा। इस दौरान इस निर्माण सामग्री को सड़क से हटाने में प्रमुख रुप से मनोज नामदेव, कुणाल सोनी, विकास जैन, रतनेश जैन, उमेश मुकाती, योगेश शिवहरे, राजू सोनी, अच्छय जैन, अर्पित झंवर , संदीप जैन, मनोज सोनी, सतिश मुकाती सहित कई जागरूक युवा मोजुद रहे।

# ग्राम विकास की संकल्पना करना हमारा उद्देश्यः जांगलवा





हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्राम भारती शिक्षा समिति द्वारा इंदौर-भोपाल हाईवे पर आयोजित जिला स्तरीय सप्तमंडल सम्मेलन में ओम प्रकाश जांगलवा ने कहा कि हमारे सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास करते हुए सब प्रकार की शिक्षाओं का समावेश होना अत्यंत आवश्यक है, उन्होंने कहा की संस्कार मय शिक्षा में जितना व्यवहारिक दृष्टिकोण रहता है,उतना केवल पढ़ने में नहीं होता है।
कार्यक्रम में भूमिका रखते हुए जिला प्रमुख दुर्गा प्रसाद चक्रधारी ने कहा कि हम संयोजक मंडल के इस महासमागम में हम सभी विषयों का चिंतन मनन करेंगे। निश्चित ही यहां से प्रेरणा लेकर के समाज उत्थान का कार्य करेंगे। समापन सत्र में शशिकांत फड़के ने कहा कि शिक्षा संस्कार युक्त होना चाहिए। अंत में सीहोर जिले के पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने कहा कि वास्तव में शिक्षा में संस्कार अत्यंत आवश्यक है, इसके बिना सब कुछ अधूरा है।

कार्यक्रम का संचालन विजेंद्र सिंह सेंधव ने किया। स्वागत राजकुमार नामदेव, पुरुषोत्तम मंडलोई, माखनलाल मंडलोई, राम सिंह मुकाती ने किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से अनार सिंह राठौड़, डॉ रामप्रताप सिंह राजपूत, जिले के लगभग 1200 महानुभव उपस्थित रहे। इस अवसर पर संपूर्ण जिले के प्रधानाचार्य आचार्य दीदी या अनेक जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे। विशेष कर सीहोर के विधायक सुदेश राय भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आभार सचिव अरविंद सिंह राठौड़ ने माना। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# आंखों की जांच के लिए शिविर में पहुंचे 502 वृद्ध 83 को निकला मोतियाबिंद, होगा ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर




श्यामपुर में गुरुवार को ग्रामीण क्षेत्रों से काफी संख्या में लोग अपनी आंखों की जांच कराने पहुंचे। सेवा भारती सीहोर के तत्वाधान व अंशुमान जाट के सौजन्य से आयोजित विशाल नेत्र शिविर में सद्गुरु सेवा समिति आनंदपुर के वरिष्ठ डॉक्टरों द्वारा नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया। आयोजित हुए शिविर में 502 लोगों की आंखों की जांच की गई। जिसमें 83 लोगों को मोतियाबिंद की पुष्टि हुई। इन्हें सद्गुरु सेवा समिति आनंदपुर के नेत्र चिकित्सालय के वाहन से ऑपरेशन के लिए भेजा। जहाँ उनका उपचार निःशुल्क होगा और रहने खाने पीने की व्यवस्था भी निःशुल्क रहेगी, साथ ही लाना ले जाना की सुविधा भी भी संस्था की रहेगी। श्यामपुर में सुबह से ही लोगों की भीड़ अपनी आंखों की जांच कराने के लिए उमड़ी। सुबह 10:00 बजे से श्यामपुर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के लोग कतार में लगकर अपनी बारी आने का इंतजार करते हुए नजर आए। अंशुमान जाट ने मरीजों को संपूर्ण इलाज निःशुल्क व दवा भी निःशुल्क उपलब्ध कराई। कार्यक्रम में सेवा भारती सीहोर से गोविंद ठाकुर, वीरेंद्र जी सेन, घनश्याम जी पाटीदार, लोकेंद्र जी, मोहन भाटी जी, राजेश पाटीदार, अभिषेक पाटीदार, चिंटू पाटीदार, विशाल जाट, अभिषेख दांगी दोनों जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा भारतीय जानता पार्टी, नवीन चौहान सरपंच श्यामपुर, परमानंद मीना जनपद सदस्य, श्यामसिंह जाट (पूर्व मंडल अध्यक्ष), अजय ठाकुर सरपंच गुलखेड़ी, लक्ष्मीनारायण (मेडिकल) लक्ष्मीनारायण (मातावाले), रामेश्वर माहेश्वरी व अन्य समाजसेवी उपस्थित रहें।

### शास्त्री स्मृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में चलाया गया कॉलेज चलो अभियान

# 'नई शिक्षा प्रणाली शिक्षित ही नहीं, व्यक्तित्व का विकास भी करती है'

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




नई शिक्षा प्रणाली केवल आपको शिक्षित ही नहीं करती वरन आपके संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास भी करती है इसके अंतर्गत आपको किताबी ज्ञान के साथ-साथ भविष्य में जिस क्षेत्र में भी काम करना है उससे संबंधित शिक्षा भी आपको इसके अंतर्गत पढ़ाई के दौरान ही प्रदान की जाती है, इसलिए अगर आप महाविद्यालय में प्रवेश लेते हैं तो आपको शिक्षा के साथ-साथ एक ऐसा मंच भी मिलता है जिससे आप अपना करियर को जिस दिशा में आपने तय किया है उसे दिशा में आप आगे बढ़ सकते हैं।

वर्तमान युग में हम देख रहे हैं की व्यक्तियों की आवश्यकता अत्यंत बढ़ रही हैं और जो भविष्य है उसे हमने देखा नहीं है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को चाहे वह महिला हो या पुरुष अपने पैरों पर खड़ा होना अत्यंत ही अनिवार्य है। हम देख रहे हैं स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या अधिक होती है। लेकिन उसके बाद महाविद्यालय में उसका प्रतिशत बहुत कम हो जाता है तो आप सभी को 12वीं कक्षा के बाद महाविद्यालय में प्रवेश अवश्य लेना है ताकि आप खुद अपनी एक पहचान बना सके किसी पर निर्भर ना रहे और आत्मनिर्भर बनकर समाज में सर उठाकर रह सके इन सभी के लिए उच्च शिक्षा अनिवार्य है। अतः शासन प्रशासन और हम सभी यह चाहते हैं कि आप सभी आत्मनिर्भर बने और अपनी स्कूली शिक्षा के बाद महाविद्यालय में प्रवेश अवश्य लें यह सारी बातें शास्त्री स्मृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम प्रभारी डॉ ललिता राय के द्वारा कही गई इस अवसर पर डॉ मेघा जैन ने बताया कि आपके जीवन में मैनेजमेंट का होना अत्यंत अनिवार्य है अतः आप प्रत्येक क्षेत्र में मैनेजमेंट करना तब सीख पाएंगे जब आप शिक्षित होंगे।

इसलिए आपको स्वयं तो महाविद्यालय में प्रवेश लेना है साथ में अपने दोस्तों को भी प्रोत्साहित करना है कि हमें कॉलेज अवश्य जाना है विनोद पाटीदार ने इस अवसर पर कहा कि प्रत्येक छात्र-छात्रा को जीवन में अपना एक लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और उसे लक्ष्य को पूरा करने करने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है उच्च शिक्षा अतः हमें 12वीं के बाद अपने करियर को बनाने के लिए कॉलेज में प्रवेश अवश्य लेना है शहीद भगत सिंह स्नातक महाविद्यालय में चल रहे कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत आसपास के गांव एवं आष्टा नगर के स्कूलों में छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ का भी पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है।

# बीआरसीसी ने अर्द्धवार्षिक परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अर्द्धवार्षिक परीक्षा के अंतिम दिवस सीएम राइज माध्यमिक शाला बुधवारा में बीआरसीसी तरुण कुमार बैरागी एवं बी ए सी मनोज विश्वकर्मा के द्वारा परीक्षा का औचक निरीक्षण किया गया परीक्षा व्यवस्थित रूप से संचालित हो रही थी संस्था के प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार गुठानिया ने बताया कि शाला में कक्षा 6 से 8 दर्ज 178 बच्चों में से आज सामाजिक विज्ञान के प्रश्न पत्र में 177 बच्चे उपस्थित रहे श्रीमान बीआर सी सी महोदय द्वारा शत प्रतिशत उपस्थिति पर संस्था के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का उत्साह वर्धन किया साथ ही कक्षा 1,2,3 में एफ एल एन कक्षाएं संचालित हो रही उसका सूक्ष्मता से अवलोकन कर शिक्षक शिक्षिकाओं को गुणवत्ता हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। शाला में समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित पाए गए।

## पोर्टल पर शो होने की बजह से जिले को नहीं मिल पा रहे नए डॉक्टर

# जिले के 8 डॉक्टर्स लापता ! डीएचएस व एनएचएम के पोर्टल पर दिखने वाले डॉक्टर महीनों से अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा-राजगढ़

जिला अस्पताल में पहले ही डॉक्टर्स के मनमर्जी वाले अटैचमेंट होने के कारण ग्रामीण एवं दूर दराज में स्वास्थ्य सेवाएं निचले स्तर पर हैं। गांव के मरीजों को इलाज के लिए जिला मुख्यालय का रूख करना पड़ता है, रही सही कसर ऐसे डॉक्टर्स ने पूरी कर दी जिन्होंने जिले में ज्वाइन तो किया परंतु कभी ओपीडी में नहीं पहुंचे न ही मरीजों का इलाज ही किया।

सिविल सर्जन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इन डॉक्टर्स ने गिनती की कुछ एक ड्यूटी कर बिना किसी सूचना के महीनों से लापता हो गए। परंतु यही डॉक्टर्स स्वास्थ्य विभाग के ऑफिशियल पोर्टल डीएचएस एवं एनएचएम पर आज भी राजगढ़ में पदस्थ नजर आते हैं जिसके कारण जिले में नए डॉक्टर्स नहीं आ पा रहे और मरीजों को इलाज के लिए निजी अस्पतालों का मुंह ताकना पड़ रहा है और अपनी मेहनत की कमाई को निजी हॉस्पिटल के हवाले करना पड़ रहा है।

### अटैचमेंट को लेकर सीएमएचओ बोलीं

जिले और जिले से बाहर हुए अटैचमेंट पर सीएमएचओ डॉ किरण वाडीवा बोलीं कि इनके बारे में उच्च अधिकारियों को पत्र भेज दिया गया है। उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी। जिससे जल्दी ही अटैचमेंट खत्म कर मूलपदस्थापना पर पहुंचाया जाएगा।

### इनका कहना है

जो डॉक्टर्स पोर्टल पर शो हो रहे हैं उन्हें हटाने के लिए आगामी कार्रवाई जल्दी की जाएगी, जिससे जिले को नए डॉक्टर्स मिल सकें।

**डॉ किरण वाडीवा,** मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी राजगढ़

*डॉक्टर्स अटैचमेंट मामले में सीएमएचओ ने मूलपदस्थापना पर पहुंचाने वरिष्ठ अधिकारियों को लिखा पत्र, विधायक बोले ग्रामीण स्तर पर पहुंचे अटैचमेंट खत्म कर डॉक्टर*


एक दो साल नहीं 16 साल तक अटैचमेंट का एक मात्र उदाहरण है राजगढ़
जिले से बाहर भोपाल तक हो गया अटैचमेंट, चरमराई जिले की स्वास्थ्य सेवाएं
मिशन संचालक कई बार लगा चुके हैं सीएमएचओ को फटकार
समझिए डॉक्टर्स की पदस्थापना और वर्तमान कार्यस्थल
आखिरकार मूल तैनाती पर कब लौटेंगे डॉ कटारिया, अटैचमेंट में निकाले 15 साल!

### डॉक्टर्स जो महीनों से हैं अनुपस्थित

| क्र. | डॉक्टर का नाम | विशेषता | कितने महीनों से हैं अनुपस्थित |
|---|---|---|---|
| 1 | डॉ गिरराज चकोटिया | रेडियोलॉजिस्ट | 4 माह |
| 2 | डॉ अंकुर देशवाली | सर्जन | 3 माह |
| 3 | डॉ सुनील तिवारी | एमबीबीएस | 4 माह |
| 4 | डॉ विकास सिंह | एमबीबीएस | 5 माह |
| 5 | डॉ निकिता सिंह | गायनिक | 11 माह |
| 6 | डॉ दिव्या गौतम | डेंटल | 7 माह |
| 7 | डॉ अभिषेक तिव्वल | एनेस्थेटिक | 7 माह |
| 8 | डॉ शकील | एमबीबीएस | निलंबित |

### विधायक बोले जल्द मूलपदस्थापना पर लौटें डॉक्टर, दें ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

जिले में अधिकारियों की सेटिंग एवं मनमाने अटैचमेंट करवाने वाले डॉक्टर को लेकर राजगढ़ के विधायक अमरसिंह यादव भी संवेदनशील नजर आए। उन्होनें शहरों में अटैचमेंट करवाकर बैठे डॉक्टरों से अपनी मूलपदस्थापना पर जाकर ग्रारमीण स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं देने की राय दी है। जिससे मोदी व मोहन सरकार के सपनों को साकार किया जा सके और स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत का निर्माण हो।

## कोटरी कला व ब्रहमपिपलिया पहुंची यात्रा

# केंद्र सरकार ने महिलाओं के आंसू पोछने का काम किया है : विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरावर

सरकार द्वारा चलाए गए विकसित भारत संकल्प यात्रा गुरुवार को समीपस्थ ग्राम कोटरी कला एवं ब्रहमपिपलिया पहुंची। जहां क्षेत्र विधायक मोहन शर्मा ने उज्जवला गैस योजना के अंतर्गत निशुल्क 55 गैस कनेक्शन वितरण किए गए।

इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में जब चूल्हे जला करते थे उनके दोहे से बहनों की आंखों में आंसू आ जाते थे। उज्जवला गैस योजना चला कर केंद्र सरकार ने बहनों के आंसू पहुंचने का काम किया है। वहीं प्रदेश सरकार ने लाडली बहन योजना चला कर महिलाओं की घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने का काम किया है उन्होंने ग्रामीणों की समस्या को स्वास्थ्य राजस्व ग्राम पंचायत जनपद पंचायत जल यांत्रिकी विभाग स्वास्थ्य विभाग के उपस्थित अधिकारी व कर्मचारीयो की उपस्थिति में ग्रामीणों की जन समस्या सुनकर तुरंत वहीं पर उन्हें हल किया।

साथी क्षेत्रीय विधायक जल यांत्रिक विभाग की कार्य क्षमता से नाराज दिखाई दिए ।उन्होंने सब निर्देश दिए कि वह अपना काम समय से ठीक करें उक्त मौके पर यात्रा के प्रभारी दिनेश दांगी, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष राधेश्याम पचवारिया, कैलाश राज मंडल अध्यक्ष राधेश्याम राजपूत ,सत्येंद्र सिंह राठौड़, ब्रजकिशोर मीणा लखन भंडारी आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेस प्रत्याशी ने वापस लिया फॉर्म

# वार्ड 3 के उपचुनाव में निर्मल जाटव निर्विरोध निर्वाचित



**खुजनेर।** नगर परिषद खुजनेर के वार्ड 3 में हुए उपचुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी द्वारा अपना फॉर्म वापस लेने के बाद भाजपा के निर्मल जाटव निर्विरोध निर्वाचित हुए। उनकी इस जीत पर विधायक अमरसिंह यादव, नगर परिषद अध्यक्ष कैलाशी यादव सहित कई भाजपा पदाधिकारियों एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी उमेश शर्मा सहित कर्मचारियों ने भी बधाई देते हुए जनहित में कार्य करते रहने की कामना की है। वहीं नवनिर्वाचित पार्षद ने भी सभी को जनता के हित मे कार्य करने का भरोसा दिलाया है।

# खुजनेर खंड का तीन दिवसीय शीत शिविर संपन्न

**15 मंडलों के 31 स्थानों से आए 134 स्वयंसेवक हुए शामिल**

खुजनेर। नगर में खुजनेर खंड का तीन दिवसीय शीत शिविर सम्पन्न हुआ जिसमें 15 मंडलों के 31 स्थानों से आये हुए 134 स्वयंसेवकों ने प्रातः 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक उपस्थित विभिन्न सत्रों में सम्मलित हुए। प्रकट कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राजगढ़ विभाग के विभाग संघचालक श्री लक्ष्मीनारायण चैहान उपस्थित रहै। उनके उदबोधन में उन्होने बताया कि किसी भी राष्ट्र का विकास तब होता है जब कि वहां के नागरिकों का विकास हों। हमें राष्ट्र के प्रति राष्ट्र प्रथम का भाव रखकर कार्य करना होगा। उन्होने कहा कि यह पांच बातें हमें अपने जीवन में लानी है 1. कुटुम्ब प्रबोधन , वर्तमान में छोटे छोटे परिवार हो गये है और उनमें भी आपसी मेलजोल कम हो गया है पूरे कुटुम्ब को कम से कम एक माह




में एक बार साथ बैठकर भोजन अवश्य करना चाहियें। दूसरा सामाजिक समरसता, हमारे देश में जन्म से जातिगत व्यवस्था नही थी छूआछूत भी नही था। भगवान श्री राम नें माता शबरी के झूठे बेर खायें तथा निषाद राज को अपना मित्र बनाया। तीसरी बात उन्होने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, यह प्रकृति है तो हम है प्रकृति नही बची तो हमारा भी अस्तित्व समाप्त हो जायेगा। हमें पर्यावरण की रक्षा करनी होगी। वृक्ष लगायें, पॉलीथीन का उपयोग न करें। जल बचायें। चैथी बात प्रत्येक नागरिक के मन में स्व का भाव जाग्रत हों हमें अपनी भाषा , भूषा, भोजन, संस्कृति आदि पर गर्व होना चाहियें। पांचवी बात नागरिक शिष्टाचार बताई जिसमें प्रत्येक नागरिक को नागरिक शिष्टाचार का पालन करना चाहियें। सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता रखें, यातायात के नियमों का पालन करें। और शासन की समस्त नियमों का पालन करते हुए शिष्टाचार युक्त जीवन जियें। पहले हमारे देश को दीन हीन दृष्टि से देखा जाता है किन्तु आज सारा विश्व हमारी ओर आशान्वित दृष्टि से देख रहा है कोरोना के काल में हमारे देश में फ्री वैक्सीन लगाई गई साथ ही अन्य देशों में भी भेजी गई। हम सौभाग्यशाली है कि 500 वर्षो के अथक परिश्रम से भव्य श्री राम मंदिर निर्माण हमें देखने को मिलेगा। धारा 370 का हटना भी शायद ही कभी हमने सोचा होगा।

# ग्रापं महाना में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर हुआ आयोजित

**अशोकनगर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत महाना में गुरूवार को चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी के मुख्या आतिथ्यव में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के स्टॉ ल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में ग्राम पंचायत महाना में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्राम पंचायत के समस्त घरों को शत प्रतिशत नल से जल प्रदान करने एवं स्वच्छ पंचायत घोषित होने पर विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी द्वारा ग्राम पंचायत सरपंच को अभिनंदन पत्र प्रदान किया गया। साथ ही पानी का टेस्ट करने के लिए सभी ग्राम पंचायत में फील्ड टेस्ट किट वितरित की जा रही है। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सरपंच, सचिव को फील्ड टेस्ट टिकट वितरित की गई। जिसका प्रशिक्षण पूर्व में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया गया है। जिसके माध्यम से ग्राम के समस्त पेयजल स्त्रोतों का जल परीक्षण ग्राम में ही किया जा सकता है। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि अनिल रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष भानकुमार यादव, लखन रघुवंशी, अमित रघुवंशी कुढ़ई, ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि रवि रघुवंशी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से राहुल रघुवंशी सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं बडी संख्याथ में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### चार पहिया वाहन ने कई दो पहिया वाहनों को टक्कर मारी

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली के अंतर्गत स्थानीय फुट ओबर ब्रिज पर रात 10:30 से 11 बजे के बीच एक चार पहिया वाहन ने कई वाहनो मे टक्कर मारी जिनमे तीन घायलो को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जिनमे आदित्य पुत्र दिलीप नायक उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड 05 पछाडीखेडा रोड ,संजय पुत्र राजेन्द्र सिह रघुवंषी उम्र 27 वर्ष निवासी तुलसी सरोवर कालोनी, सुदर पुत्र लखन सिंह नायक उम्र 24 वर्ष निवासी तुलसी सरोवर कालोनी । घायलो ने बताया कि वह वाहन से अपने घर की ओर लौट रहे थे। तभी एक तेज रफतार चार पहिया वाहन उनके वाहनो मे टक्कर मार कर चला गया। जिससे उन्हे चोटे आई है। उन्होने बताया कि इस वाहन को अभिषेक बुधौलिया चला रहा था। कितने वाहनो को टक्कर मारी है यह पता नही है।

### महिला की अज्ञात कारणों से मौत

**अशोकनगर।** जिले के राजपुर कस्बा निवासी मछला बाई पत्नि इद्रभान सिह यादव की अज्ञात कारणो से मौत हो गई । पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अशोकनगर जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओ के कई मामले दर्ज किये गए है। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम टकनेरी निवासी रामकली आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी संजू आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कालीटोर निवासी रंजीत गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी रणवीर ,रामवीर ,नत्थू गुर्जर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

# 'मनुष्य जीवन में अच्छे कर्मों से खुश रहता है'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ईसागढ





एन एस एस के माध्यम से शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ में राज्य आनंद संस्थान की तरफ से अल्पविराम कार्यक्रम एकदिवसीय रखा गया इसकी शुरुआत सरस्वती पूजन से हुई।

इसके बाद एक दूसरे व्यक्ति के परिचय से शुरूआत की गई। जो अनोखी पहल है मेरा आनंद कब बड़ा बढ़ जाता है,मेरा आनंद कब कम क्यों हो जाता है। बचपन से लेकर आजतक निस्वार्थ भाव से आजतक मेरी किस किस ने मदद कि है तक मैंने किस-किस व्यक्तियों की निस्वार्थ भाव से मदद की है, बचपन से लेकर अब तक मैंने किस-किस को दुख पहुंचा है। बचपन से लेकर अभी तक मुझे किस-किस व्यक्ति दुख पहुंचा है। इन सभी के प्रश्न अपने आप से पूंछना, राज्य आनंद संस्थान का मध्य प्रदेश मे एक विभाग भी है संस्था के माध्यम से सरकारी गैर सरकारी लोगों के जीवन में खुशियां लाएं जिससे उनका जीवन अच्छा शांतमय सुखमय कैसे बने कार्यक्रम में अशोक नगर से आये आंनद सस्थान के मुख्य प्रशिक्षक ने कहा कि जीवन मे कनेक्शन, करक्शन और डायरेक्शन कैसे अपनाये आये. प्रशिक्षक सतीश दुबे ने कहा की जीवन मे ख़ुश कैसे रहे। प्रशिक्षक आनंद रघुवंशी ने कहा की अपने जीवन को अच्छा कैसे बनये और महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आंसू रानी मैडम ने आभार व्यक्त किया , डॉ दीपा वर्मा, जयदीप कुमार रैकवार, डॉ विवेक कुमार,एन एस एस कर्यक्रम अधिकारी डॉ जवाहर टैगोर, ने कहा कि अपने जीवन से आलस्य, क्रोध दुख, कपट कैसे दुर करें और कार्यक्रम मे देवाशीष गोस्वामी,रवि केवट,राजकुमार, निखिल रचना आदि समस्त स्टॉफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# कन्या हायर सेकंडरी स्कूल की छात्राओं को व्यवसायिक शिक्षा की दी गई जानकारी

**अशोकनगर।** गुरुवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कक्षा 11 एवं 12 की व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत संचालित पाठ्यक्रम हेल्थ केयर एवं ब्यूटी एंड वैलनेस की छात्राएं प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में अनंत ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट रातीखेड़ा में औद्योगिक भ्रमण किया। जहां विपिन सेन एवं ए के बजाज ने उन्हें विस्तार से हेल्थ केयर एवं कम्यूनिकेशन स्किल के बारे में विस्तार से समझाया। हेल्थ केयर अंतर्गत आईसीयू हॉस्पिटल मैनेजमेंट डेंगू मलेरिया फंडामेंटल से संबंधित जानकारियां प्राप्त की व्यावसायिक शिक्षा प्रभारी सीमा रघुवंशी मेम हेल्थ केयर शिक्षक नीरज साहू ब्यूटी एंड वैलनेस शिक्षिका नेहा जोशी एवं आईसीटी प्रभारी नंदिनी शर्मा मौजूद रही विद्यालय परिवार छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।





# अंडर ब्रिज निर्माण का सांसद ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

अंडर ब्रिज निर्माण को लेकर जल्द से जल्द काम शुरू करने और चल रहे कार्य को देखने और जानने के लिए सांसद डॉक्टर के पी यादव अंडर ब्रिज स्थल पर पहुंचे। उन्होंने यहां चल रही निर्माण की प्रक्रिया को देखा इस दौरान रेलवे उपयत्री चेतन जैन भी मौजूद थे। इस दौरान उन्हें बताया कि अडरब्रिज निर्माण पूर्ण करने की प्रक्रिया लगातार जारी है। और एप्रोच रोड से जोड़ा जा रहा है। अस्पताल चैराहे के पास जो डिजाइनिंग में अंडर ब्रिज के नीचे का जीना हटाए जाने का मामला है और बिजली का ट्रांसफार्मर हटाया जाना है उसको लेकर अभी राशि नहीं आई है। इसलिए वर्तमान में जो हिस्सा बन चुका है उसे तात्कालिक रूप से रोड से जोड़ा जा रहा है। तथा मिलन तिराहा पर कोई इशू नहीं है। वहां पर अडर ब्रिज निर्माण स्थल को मुख्य एप्रोच रोड जोड़ने की प्रक्रिया जारी है। इस अंडर ब्रिज निर्माण को समय से पूरा कर लिया जाएगा। हमारी कोशिश होगी लोगों को अडर ब्रिज निर्माण का लाभ मिले। इस दौरान सांसद ने कहा कि अंडर ब्रिज निर्माण की वर्तमान स्थिति मे लोग आ जा सकते हैं जो इशू आ रहे हैं उन्हें अलग से दूर कर लिया जाएगा। तब तक के लिए इसे आम नागरिकों के लिए खोला जाए ताकि लोगों को इसकी सुविधा का लाभ मिल सके।

# पुलिस अधीक्षक ने जिले के थानों का किया औचक निरीक्षण

**अशोकनगर।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा जिले के 02 पुलिस थाना शाढोरा एवं नईसरांय का बुधवार की दरम्यानी रात्रि में भ्रमण कर औचक निरीक्षण किया गया। थानों के भ्रमण के दौरान अति पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर द्वारा थाना प्रभारियों से थानों के गंभीर अपराधो के आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने, अपराध निकाल करने के निर्देश दिये साथ ही थानों की व्यवस्थाओं को देखा। हवालात को चैक किया थानों के कैमरे चैक किये गये। थानों पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को थाना क्षेत्र में घटित होने वाली आकस्मिक घटनाओं के घटना स्थल पर त्वरित कार्यवाही कर पालन करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना क्षेत्रों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग नही करने के निर्देश दिए गए।



## शहर से गायब हुई दो बहनों को कोतवाली पुलिस ने किया 24 घंटे के अंदर दस्तयाब किया

**अशोकनगर।** अशोकनगर निवासी एक व्यक्ति ने थाना कोतवाली पर अपनी और अपने छोटे भाई की दो लड़कियों एक 18 साल की और दूसरी 13 साल के अपहरण की रिपोर्ट थाना कोतवाली पुलिस को लिखवाई थी प्रकरण की गंभीरता देखते के लिए तुरंत कार्रवाई करते हुये थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह त्रिपाठी द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया था। टी आई ने थाना कोतवाली की टीम गठित की, पुलिस द्वारा तकनीकी साधनों एवं अन्य संसाधनों का उपयोग करते हुये सायबर सेल एवं शहर में लगे सीसीटीवी कैमरो की मदद से दोनो बालिकाओं की तलाश में तत्परता से पुलिस जुटी हुई थी जिसमें पुलिस को सफता हाथ लगी और थाना कोतवाली पुलिस टीम ने 24 घंटे के अंदर प्रकरण की अपहृत दोनो बालिकाओं को चांचैड़ा रेलवे स्टेशन से दस्तयाब किया गया। जिनकी सभी आवश्यक कार्रवाई की अपहृता को परिजनों के सुपुर्द किया गया। अहम भूमिका में उक्त प्रकरण में तत्परता पूर्ण कार्रवाई करते हुये थाना कोतवाली में पदस्थ उप निरीक्षक मंजू मखेनिया, सउनि संजय गुप्ता सायबर सेल प्रभारी, प्र. आर शैलेन्द्र रघुवंशी. प्र.आर. अरूण पाल और आरक्षक योगेन्द्र सिंह की प्रशंसनीय कार्यवाही देखते हुये पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

# जैन मंदिर मार्ग पर लगी कचरा पेटियों की हालत जर्जर, जिम्मेदार बेखबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कालापीपल



कालापीपल की नगर परिषद पानखेड़ी में विकास कार्यों के ढिंडोरे के पीछे अव्यवस्थाओं का अंबार देखने को मिल रहा है, कचरे से लगाकर कचरा डालने वाली पेटियों के भी हालात बद से बद्तर नजर आ रहे है, परिषद से जुड़े लोग आए दिन विकास मंचों से अपने कार्यों की दुहाई देते हुए नहीं थकते लेकिन वास्तव में अगर देखा जाए तो इस नगर परिषद में अव्यवस्थाओं की काफी भरमार है, उदाहरण के लिए जैन मार्ग पर लगी कचरा पेटियों को ही देख लीजिए जब कचरा डालने वाले पात्रों के यह हाल है तो नगर परिषद में स्वच्छता कितना मायने रखती होगी इस बात का अनुमान बखूबी लगाया जा सकता है, साफ सफाई आदि व्यवस्थाओं के नाम पर हजारों रुपए के बिल इधर से उधर ट्रांसफर हो रहे हैं लेकिन शहर में छोटे-मोटे कार्यों में बहुत ही लेट लतीफी देखने को मिल रही है इससे पहले भी समाचार पत्रों के माध्यम से यह पानखेड़ी खबरों की सुर्खियां बन चुकी है लेकिन अधिकारी कर्मचारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंगी है,पंजा छाप भाजपा सरकार होने के कारण अब परिषद से जुड़े लोग भी अपना मुंह खोल नहीं पा रहे हैं और शायद इसीलिए नगर परिषद सीएमओ की भी ऐसे कार्यों में बोलती बंद हो चुकी है, शहर में कई ऐसे स्थान है जहां काफी अवस्थाएं हैं और जो आज भी अपने वास्तविक भूमिका व स्वरूप में नजर आने के लिए राह तकती हुई नजर आ रही है।